भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1187
दिनांक 28 जून, 2019 को उत्तर के लिए

महिला सशक्तिकरण हेतु नई नीति

1187. श्री राजेन्द्र धेड्या गावीतः

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु किसी नई नीति/कार्यक्रम को तैयार करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) ऐसी नीति/योजना को कब तक लागू किए जाने की संभावना है?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ुबिन ईरानी — महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क) से (ग) : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने हितधारकों से प्राप्त सुझावों/टिप्पणियों पर विचार करने के बाद राष्ट्रीय महिला नीति का प्रारुप तैयार किया है । इस प्रारुप में ऐसे समाज की परिकल्पना है, जिसमें महिलाएं अपनी पूर्ण क्षमता हासिल करें और जीवन के सभी क्षेत्रों में समान भागीदार के रूप में भाग लेने में समर्थ हो सके । प्रारुप नीति चिन्हित प्राथमिकता क्षेत्रों के माध्यम से महिलाओं की विविध आवश्यकताओं पर ध्यान देती है : (i) खाद्य सुरक्षा एवं पोषण सहित स्वास्थ्य (ii) शिक्षा, (iii) कृषि उद्योग, श्रम, रोजगार, एनआरआई महिला, सॉफ्ट पॉवर, सेवा क्षेत्र, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित, अर्थव्यवस्था, महिलाओं के विरूद्ध हिंसा (iv) अभिशासन एवं निर्णय लेना (v) महिलाओं के विरूद्ध हिंसा, (vi) आवास, आश्रय एवं अवसंरचना, पेयजल एवं स्वच्छता, मीडिया एवं संस्कृति, खेल एवं सामाजिक सुरक्षा सहित अनुकूल परिवेश, (vii) पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन ।

****